
दैनिक भास्कर 02/03/2023

# स्लोगन लेखन में डीएवी कॉलेज की पलक प्रथम



अम्बाला | जीएमएन कॉलेज में बोटनी, जूलॉजी विभाग व इंडियन साइंस कांग्रेस एसोसिएशन, रोहतक चैप्टर के संयुक्त सहयोग से इंटर कॉलेज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें अम्बाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र व अन्य जिलों के कॉलेज के 100 से अधिक विद्यार्थियों ने भागीदारी दिखाई। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को पृथ्वी के प्राकृतिक परिस्थितिक तंत्र को बहाल और संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित किया। संयोजक डॉ. कुलदीप यादव ने बताया कि प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ.एस के पांडे, डॉ.धर्मवीर सैनी और डॉ. नेहा रहीं। पोस्टर मेकिंग में एमएलएन कॉलेज यमुनानगर की त्रिशा प्रथम, गवर्नमेंट पीजी कॉलेज कैंट से महक दूसरे और आईआईएचएस कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र से विशाल तीसरे स्थान पर रहा। स्लोगन लेखन में डीएवी कॉलेज अम्बाला सिटी से पलक प्रथम, जीएमएन कॉलेज से अंशिका द्वितीय व आर्य गर्ल्स कॉलेज कैंट से शोभा कुमारी तृतीय रही।